2025-2026 नीति प्राथमिकताऐं

AGU आधा मिलियन से ज़्यादा वैज्ञानिकों, पेशेवरों और धरती और अंतरिक्ष विज्ञान के सहयोगियों का एक वैश्विक समुदाय है। विस्तृत और समावेशी भागीदारी के द्वारा, AGU ज्ञान को गति देता है और ऐसे समाधान बनाता है जो नैतिक, निष्पक्ष हैं और समुदायों और उनके मूल्यों का सम्मान करते हैं।

शोध, नवरचना, और कार्यवाही द्वारा जलवायु परिवर्तन का सामना करना

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, दुनिया भर के लोगों, ईकोसिस्टम्स (पारिस्थितिक तंत्र) और अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का समाधान करने के लिए एक व्यापक तरीके की ज़रूरत है जो वैज्ञानिक शोध, तकनीकी नवरचना, और व्यावहारिक, समुदाय-केंद्रित समाधानों एक साथ जोड़ता है। AGU उन नीतियों का समर्थन करता है जो:

- जलवायु प्रणालियों और उनके व्यापक प्रभावों के बारे में हमारी समझ को बढ़ाने के लिए जलवायु शोध में लगातार निवेश को प्राथमिकता देती हैं।
- ऐसी जलवायु अनुकूलन और घटाव रणनीतियों को बेहतर बनाती हैं जो सबसे पहले समुदायों के बारे में सोचती हैं।
- जलवायु के जोखिमों को कम करने के ज़िम्मेदार और नए तरीकों को खोजने के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी जलवायु हस्तक्षेप शोध को बढ़ावा देती हैं।
- सभी क्षेत्रों में डीकार्बनाइज़ेशन के प्रयासों को बढ़ाती हैं।

एक समृद्ध समाज के लिए धरती और अंतरिक्ष विज्ञान में खोज, नवरचना, और व्यावहारिक समाधानों को गति देना

धरती और अंतरिक्ष विज्ञान, प्राकृतिक विश्व के ज्ञान को बढ़ाते हैं और समाज के बेहद ज़रूरी मुद्दों के लिए नए समाधान प्रदान करते हैं। इन क्षेत्रों में नवरचना और खोज, समाज को चुनौतियों से उबरने और संपन्न होने में सक्षम बनाने के लिए ज़रूरी हैं। AGU उन नीतियों का समर्थन करता है जो:

- राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने और आर्थिक विकास निर्मित करने के लिए पृथ्वी और अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान, कार्यबल और बुनियादी ढांचे में लगातार निवेश बढ़ाएँ।

- सुरक्षा, आर्थिक लचीलेपन, और सार्वजनिक स्वास्थ्य को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ताज़े पानी, महासागरों, धरती और अंतरिक्ष समेत प्राकृतिक प्रणालियों और संसाधनों के शोध और प्रबंधन को गति देती हैं।
- जंगल की आग और बाढ़ जैसे खतरों, और मनुष्य और इकोलॉजी (पर्यावरण) के स्वास्थ्य पर उनका परस्पर प्रभाव, और तैयारी, प्रतिक्रिया और उनसे उबरने की रणनीतियों को बेहतर करने के बारे में हमारी समझ बढ़ाएं।
- उन जानकारियों और संसाधनों तक समुदाय की पहुँच को सुदृढ़ करें, जो उन्हें पर्यावरण के खतरों से खुद को बचाने के लिए चाहिए।

जनता के वैज्ञानिक शोध तक के संपर्क को विस्तृत करना

नवरचना को बढ़ावा देने और वैश्विक चुनौतियों के लिए समाधान विकसित करने को वैज्ञानिक उपक्रम अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए, सभी लोगों को विज्ञान में अपना योगदान देने और उससे लाभ लेने में सक्षम होना चाहिए। पारदर्शिता, समावेश और सहयोग को प्राथमिकता देने वाली नीतियाँ विज्ञान में जनता का भरोसा बढ़ाती हैं और सुनिश्चित करती हैं कि सभी को लाभ पहुंचे। AGU ऐसी नीतियों का समर्थन करता है जो:

- उच्च-गुणवत्ता वाली STEM शिक्षा और करियर के अवसरों का विस्तार करें और बाधाएं हटाएं, जिस से हर तरह की पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को भाग लेने और सफल होने का अवसर मिल सके।
- शोध सुरक्षा की चिंताओं को संतुलित करते हुए, वैश्विक चुनौतियों के समाधान और साझा वैज्ञानिक लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को सुदृढ़ करें।
- वैज्ञानिक शोध की संपूर्णता का संरक्षण करें जिस से यह सुनिश्चित हो सके कि वह नैतिक दुराचार और राजनैतिक हस्तक्षेप से मुक्त रहे।
- सुनिश्चित करें कि वैज्ञानिक डेटा ढूंढा जा सके, उस तक पहुँच हो, अंतर-संचालन योग्य और दोबारा प्रयोग करने योग्य (FAIR) हो, और वैज्ञानिक ज्ञान निर्माण, मूल्यांकन और संचार समाज के लिए व्यापक रूप से उपलब्ध हो।
- विज्ञान की क्षमता को बढ़ाएं जिस से वह वास्तविक समस्याओं का सहयोगात्मक तरीकों से समाधान निकाल पाए, जिसमें समुदायों और वैज्ञानिकों को स्थानीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए आपस में जोड़ना, चुनौतियों का सामना करने के लिए अलग-अलग विषयों और क्षेत्रों को एकीकृत करना और आदिवासी ज्ञान का आदरपूर्वक एकीकरण करना शामिल है।
- धरती और अंतरिक्ष विज्ञानों में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग के ज़िम्मेदार प्रयोग को बढ़ावा देना, जिससे शोध और उस से आगे नैतिक उपयोग को बढ़ावा मिले।

AGU की नीति प्राथमिकताओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया sciencepolicy@agu.org पर संपर्क करें।